# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## राज्य वन सेवा (मुख्य) परीक्षा–2018

**आयोजन की सूचना दिनांक 11.06.2018**

**परीक्षा तिथि**

**दिनांक 05.08.2018**

प्रवेश पत्र उपलब्धता अवधि दिनांक **13.07.2018** से दिनांक **03.08.2018** तक

01 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य वन सेवा परीक्षा 2018 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 06/2017 दिनांक 12.12.2017 के संदर्भ में राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2018 **दिनांक 05.08.2018** को इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर तथा जबलपुर संभागीय मुख्यालयों स्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नानुसार आयोजित की जायेगी :–

| दिनांक | समय | प्रश्न–पत्र |
|---|---|---|
| 05.08.2018 रविवार | प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | सामान्य अध्ययन, मध्य प्रदेश का सामान्य परिचय, प्रारम्भिक गणित, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी आदि. |
| | दोपहर पश्चात 02:00 बजे से दोपहर पश्चात 4:00 बजे तक | विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवम पर्यावरण |

परीक्षार्थियों की संख्या तथा प्रशासनिक कारणों से केन्द्रों की संख्या को कम या अधिक किया जा सकता है ।

02 मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक **13.07.2018** से दिनांक **03.08.2018** तक **www.mppsdemo.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगें । परीक्षार्थी स्वयं अपने प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर लें। प्रवेश पत्र डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित नहीं किये जायेंगें।

03 मध्यप्रदेश के ऐसे मूल निवासी अभ्यर्थियों को जो कही सेवारत न हों तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी हों को मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लेखित वर्तमान पते के शहर/ग्राम से उन्हें आबंटित परीक्षा शहर तक आने जाने के यात्रा व्यय का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के बैंक खाते मे किया जायेगा । अभ्यर्थियों को इसके लिये केन्द्राध्यक्ष को वांछित घोषणा–पत्र भरकर देना होगा तथा यात्रा भत्ते की पात्रता से संबंधित निम्न अभिलेख प्रस्तुत करना होंगें:–

(1) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति ।

(2) यात्रा टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गयी, तथा किराये की राशि का स्पष्टत: उल्लेख हो।

सचिव